## श्रेष्ठ सुप्रभात

**अहिंसा के लिए अभय का भाव भी चाहिए। अभय में दोनों चीजें समाविष्ट है ना तो डरना, ना दूसरों को डराने का प्रयत्न करना।**

-आचार्य महाश्रमण

# NEXT
NEWS EXCELLENT TODAY

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| श्री डूंगरगढ़ | 21.0 | 7.0 |
| बीकानेर | 21.0 | 7.0 |
| जयपुर | 19.0 | 10.0 |

E- Paper NEXT 0013

newsexcellenttoday.com | 24 दिसंबर 2024, मंगलवार | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष दशमी - 2081


## शीतकालीन अवकाश 25 दिसम्बर से, शिक्षा विभाग ने जारी किए आदेश

**NEXT।** आखिरकार शिक्षा विभाग ने संशय की स्थिति को समाप्त करते हुए शीतकालीन अवकाश 25दिसम्बर से करने के आदेश जारी कर दिए हैं। माध्यमिक शिक्षा के निदेशक सीताराम जाट ने आदेश जारी करते हुए समस्त विद्यालयों (निजी विद्यालय सहित) को विभाग द्वारा जारी शिविरा कैलेण्डर की पूर्णतया पालना करने के निर्देश दिए है। निदेशक ने आदेश में कहा कि "राज्य में संचालित समस्त विद्यालयों (निजी विद्यालयों सहित) को विद्यालय में होने वाले ग्रीष्मकालीन, शीतकालीन एवं मध्यावधि अवकाश की पूर्णतया पालना विभाग द्वारा जारी शिविरा कैलेण्डर के अनुसार किया जाना अनिवार्य है। विभाग द्वारा शिविरा पंचांग 2024-25 के अन्तर्गत दिनांक 25दिसम्बर, 2024 से 5जनवरी, 2025 तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है।
निदेशक सीताराम जाट ने राज्य में संचालित समस्त विद्यालयों (निजी विद्यालयों सहित) को निर्देशित किया है कि शीतकालीन अवकाश विभाग द्वारा जारी शिविरा कैलेण्डर के अनुसार ही किया जाना सुनिश्चित करावें।
शिक्षा विभाग ने इसके साथ निजी विद्यालयों की मनमानी पर भी अंकुश लगाते हुए हिदायत दी है कि यदि किसी गैर सरकारी विद्यालय द्वारा निर्धारित अवधि अनुसार शीतकालीन अवकाश नहीं किया जाता अथवा अवकाश के दौरान विद्यालय का संचालन किया जाता है तो इस स्थिति में विद्यालय के विरुद्ध राजस्थान गैर सरकारी शैक्षिक संस्था अधिनियम 1989 नियम 1993 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जावेगी।
गौरतलब है कि शिविरा पंचाग में शीतकालीन अवकाश 25दिसम्बर से 5जनवरी तक है। परंतु 6जनवरी को गुरु गोविंदसिंह जयंती के कारण अवकाश रहेगा। इसलिए स्कूल 7जनवरी, मंगलवार को ही खुलेंगे।

## जैन मुनि 26 को श्रीडूंगरगढ़ कस्बे में, श्रद्धालुओं ने दर्शन किये



**NEXT।** श्रीडूंगरगढ़ कस्बे में 26दिसम्बर को जैन मुनियों के आगमन को लेकर उत्साह का माहौल है। सभा के मंत्री प्रदीप पुगलिया ने बताया कि जैन श्वेतांबर तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्य महाश्रमण के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि देवेंद्र कुमार और मुनि आर्जव कुमार 26दिसम्बर को सुबह तेरापन्थ भवन धोलिया नोहरा में पदार्पण करेंगे। मुनिद्वय का आज का प्रवास रिड़ी स्थित पावर हाउस में रहेगा। 25दिसम्बर को दोनों मुनि विहार करके बीदासर रोड स्थित भीखमचन्द पुगलिया के फार्म हाउस पर रुकेंगे। इसके बाद 26 को सुबह विहार करके तेरापन्थ भवन धोलिया नोहरा प्रवास के लिए पधारेंगे।
मुनि देवेंद्र कुमार और मुनि आर्जव कुमार के दर्शनों के लिए राजस्थान गौरव भीखमचन्द पुगलिया और सभाध्यक्ष सुशीला पुगलिया रिड़ी पहुंचे और मुनिद्वय का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मुनिद्वय ने कहा कि श्रीडूंगरगढ़ के लोग काफी उदारमना है। धर्म और अध्यात्म के प्रति यहां के निवासियों की रुचि रहती है। इस दौरान रास्ता सेवा प्रभारी महेंद्र कुमार मालू, अशोक बैद भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि मुनि आर्जव कुमार का सांसारिक पैतृक गांव श्रीडूंगरगढ़ है। इसे लेकर यहाँ के जैन समाज के साथ जैनेतर समाज में भी उत्साह छाया हुआ है।

## विद्यार्थियों को गर्म कपडों का वितरण, स्कूल ने भामाशाह का आभार जताया



**NEXT।** श्रीडूंगरगढ़ की पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, ताल मैदान में कक्षा 1 से 8 तक अध्यनरत 75 छात्र-छात्राओं को भामाशाह पवन तापड़िया की तरफ से स्वर्गीय गौरीशंकर तापड़िया की स्मृति में गर्म स्वेटर तथा जूतों का वितरण किया गया।
व्याख्याता प्रदीप कुमार ने बताया कि युवा व्यवसायी मौसम चांडक की प्रेरणा से भामाशाह परिवार द्वारा पूर्व में भी स्थानीय विद्यालय में बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किए गए थे। कार्यक्रम में आपणों गांव श्री डूंगरगढ़ सेवा समिति के अध्यक्ष मनोज डागा ने दान का महत्त्व बताया। विद्यार्थी रॉयल द्वारा भारत वंदना प्रस्तुत की गई। इस दौरान लक्ष्मीनारायण, विद्यालय प्राचार्य मनीष सैनी, उप प्राचार्य संदीप, व्याख्याता बालाराम मेघवाल, दीपक चौधरी, मदन कड़वासरा, राधाकिशन सोनी, कविता जानू व दुर्गा डूडी आदि उपस्थित थे। विद्यालय परिवार द्वारा भामाशाह को साफा पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया गया।

## मावठ री जै सूत बैठज्या, भर भर ल्यावाँ बोरा
### खेतों के लिए अमृत और कस्बे के लिए अदद परेशानी



**NEXT।** "टीबा टेचरी दोमट माटी, मधरा मधरा धोरा। लीला घोड़ा लाल काठी, ऊपर गबरू गोरा। मावठ री जै सूत बैठज्या, भर भर ल्यावाँ बोरा।।" कवि ने मावठ को लेकर बात कही है और इस सर्दी की पहली मावठ सोमवार अलसुबह से ही शुरू हो गई। मावठ के साथ ही सर्दी में बढ़ोतरी हुई तो वहीं फसलों के लिए यह मावठ फसलों के लिए अमृत समान है। मावठ रबी की अच्छी फसल की गारंटी है। किसानों के लिए मावठ एक सुखद सर्दी की बारिश है। सरसों, गेहूं, चना, तारामीरा की फसलों को इससे भरपूर लाभ मिलेगा।

**कस्बे के लिए राहत की बारिश भी आफत जैसी**

मावठ के आने से जहां पूरे क्षेत्र के लोगों के लिए सुखद है तो वहीं कस्बे के मुख्य बाजार के लिए आफत साबित होती है। यहां थोड़ी सी बारिश से सड़कों पर पानी जमा हो जाता है और गलियों में कीचड़ फैल जाता है। सोमवार सुबह हुई हल्की सी बारिश से एसबीआई बैंक जाने वाले मार्ग पर पानी का भराव हो गया। वहां लगे लोहे के पोल में करंट दौड़ा और दो श्वान उसकी चपेट में आकर काल का ग्रास बन गए। हालांकि बाजार खुला नहीं था तो आमजन सुरक्षित रहा। वरना एसबीआई, पोस्टऑफिस, अस्पताल जाने का वह मुख्य मार्ग है।

## STEPS की बैठक आयोजित, प्रतिभा संपोषण की सार्थक चर्चा हुई



**NEXT।** क्षेत्र में प्रतिभा प्रोत्साहन के लिए गठित श्रीडूंगरगढ़ प्रतिभा विद्या कोष सोसायटी (STEPS) की एक अहम बैठक रविवार को बासनीवाल भवन में आयोजित की गई।
बैठक की अध्यक्षता करते हुए संस्था अध्यक्ष श्रीराम भादू ने कहा कि यह सोसायटी श्रीडूंगरगढ़ तहसील क्षेत्र में समाज के प्रत्येक वर्ग की ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगी जो आर्थिक अभाव व उचित परिवेश की कमी के कारण प्रतियोगी परीक्षाओं में तैयारी से वंचित रह जाते हैं। संस्था ऐसी प्रतिभाओं को उचित मंच व अवसर प्रदान करते हुए आर्थिक सहयोग प्रदान करेगी। संस्था सचिव श्रवण कुमार नाई ने कहा कि इस कार्य के लिए प्रतिभा कोष राशि एकत्रित की जाएगी जो समाज के प्रत्येक वर्ग से अपनी स्वेच्छा अनुसार ली जाएगी। इसके अलावा यह संस्था सामाजिक व शैक्षणिक उत्थान की विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करवाएगी। संस्था सदस्य मूलचंद स्वामी ने कहा कि इस संस्था का पंजीयन करवा लिया गया है और राष्ट्रीकृत बैंक में खाता भी खुलवा लिया गया है। क्षेत्र के कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन सहायता भी दे सकेंगे। सहयोग राशि न्यूनतम 365 रूपये वार्षिक रहेगें। बैठक में प्रतिभा पहचान के लिए एक पांच सदस्यीय चयन कमेटी गठन का प्रस्ताव भी लिया गया।यह चयन कमेटी प्रतिभाओं का चयन कर सोसायटी को प्रेषित करने का कार्य करेगी।
इस अवसर पर सुरजाराम भादू, पालिका की नेता प्रतिपक्ष अंजू पारख, एडवोकेट रामलाल नायक, के के पुरोहित, ओशो जिज्ञासु सिद्ध, द्वारका प्रसाद सैन, अल्ताफ सिलावट, चंपालाल रैगर, हरि प्रजापत, नंदकिशोर बाल्मीकि, श्रीचंद रैगर, मुरलीधर, वेदप्रकाश, हेमराज बाल्मीकि, रमेश बासनीवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## छल करने वाले सावधान! BNS में है कठोर प्रावधान




छल यानि धोखा कैसे किया जाता है तथा विधि में इसके विषय में क्या-क्या प्रावधान है।


**छल किसे कहते हैं?** भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 318 के अनुसार कोई व्यक्ति किसी व्यक्ति को बेईमानी पूर्वक, कपटपूर्वक आशय से प्रेरित करता है कि इस प्रकार प्रेरित किए गये व्यक्ति को उत्प्रेरित करे कि कोई सम्पति किसी व्यक्ति को दे देवें या यह सहमति दे देवें। कोई व्यक्ति किसी चीज को रखे या ऐसा कोई कार्य करे या लोप करे कि यदि उसे प्रेरित(प्रवंचित) नहीं किया गया है तो वह नहीं करता या लोप नहीं करता। जिससे उस व्यक्ति को शरीर, सम्पति, मानसिक या ख्याति संबंधी नुकसान हो, छल करता है यह कहा जाता है।
जैसे कोई व्यक्ति कोई धनराशि किसी व्यक्ति को लौटाने का आशय न रखते हुए उस व्यक्ति को प्रेरित करते हुए या गुमराह करते हुए रुपये उधार लेता है तो वह व्यक्ति छल(धोखा) करता है। कोई व्यक्ति असली सैंपल दिखाकर नकली माल बेचता है वह छल करता है।
सार रूप में यह कहा जा सकता है कि यदि कोई व्यक्ति बेईमानीपूर्वक आशय रखते हुए ऐसा कार्य करता है जिससे दूसरे व्यक्ति को नुकसान कारित हो वह छल करता है। छल का आवश्यक तत्व बेईमानी का आशय होना है।

- भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 318(3) में दोषी व्यक्ति को 5 वर्ष तक की सजा तथा जुर्माना से दंडित किया जा सकता है।
- धारा 318 (4) के अनुसार यदि धोखा देने वाला व्यक्ति किसी मूल्यवान दस्तावेज में परिवर्तन कर देता है या उसे नष्ट कर देता है तो उसे सात वर्ष तक की सजा व जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है।
- भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 61 में आपराधिक षड्यंत्र के विषय में दंड का प्रावधान है। इसके अनुसार जब दो या दो से अधिक व्यक्ति किसी अवैध कार्य को करने या वैध कार्य को अवैध साधनों के द्वारा करने या करवाने के लिए सहमत होते है तो ऐसी सहमति आपराधिक षड्यन्त्र कहलाती है।
- इसके लिए दोषी व्यक्ति को वो ही दंड दिया जाएगा जो कि उस अपराध के लिए उपबन्धित होगा।

## अंतर्राष्ट्रीय ऊँट उत्सव में जुटेंगे विदेशी और देशी सैलानी
### 10 जनवरी से 12 जनवरी तक होगा आयोजन

**NEXT।** बीकानेर में अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव 10 से 12 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन राजस्थान की संस्कृति, परंपरा और विरासत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जाता है। यह उत्सव बीकानेर की पहचान है और इसमें बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटकों के आने की संभावना है।
जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने इस आयोजन का पोस्टर विमोचन करते हुए तैयारियों का जायजा लिया।
**पहला दिन (10 जनवरी)** उत्सव की शुरुआत भव्य सांस्कृतिक संध्या से होगी। जूनागढ़ परिसर में विभिन्न कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। हैंडीक्राफ्ट और स्थानीय विशेषताओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।
**दूसरा दिन (11 जनवरी)** राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र में ऊंट नृत्य, ऊंट फर कटिंग, ऊंट सज्जा और ऊंट दौड़ जैसे कार्यक्रम। जूनागढ़ से शोभायात्रा का आयोजन। डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में "मिस्टर बीकानेर," "मिस मरवन," और "ढोला मरवण" शो। सांस्कृतिक संध्या का आयोजन।
**तीसरा दिन (12 जनवरी)** रायसर में रस्साकसी, कुश्ती, कबड्डी, खो-खो, साफा बांधने की प्रतियोगिता, महिला मटका दौड़ और ड्यून रेस। सैंड आर्ट एग्जिबिशन, हैंडीक्राफ्ट, फूड बाजार और कैमल कार्ट सफारी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां।
कलेक्टर ने बताया कि 2 जनवरी को पीले चावल बांटकर आमजन को उत्सव का न्योता दिया जाएगा। इस आयोजन के लिए कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को समयबद्ध तैयारियां सुनिश्चित करने और आयोजन को भव्य एवं गरिमामय बनाने के निर्देश दिए।

## जैन विद्या परीक्षा में भारती मालू प्रथम



**NEXT।** जैन विद्या भाग-8 की परीक्षा देने वाली भारती मालू ने भारतवर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा श्रीडूंगरगढ़ के अंतर्गत वर्ष 2024 में आयोजित इस परीक्षा के संयोजक दीपक सेठिया ने बताया कि भारती सेठिया ने 100 में से 99 अंक प्राप्त किये हैं।